हम ज्ञान से सब जित लेंगे

आप नहीं देंगे तो हम छीन लेंगे , बाहुबल से नहीं ज्ञान से सब जित लेंगे
ये ऋषियों और ज्ञानियों की है धरा, धीमा ही सही पर ज्ञान से सब मोह लेंगे |
सदियों से ज्ञान को कुचला गया, दबाया गया, पर ज्ञान सत्य पर अड़ा रहा
ये सनातन है, ये पुरातन है, ज्ञान से बड़ा कोई मंत्र नहीं, हम ज्ञान से मन जित लेंगे ||

कौन कहता है की सिर्फ तलवारो और पराक्रम से युद्ध जीते जाते हैं,
चाणक्य के ज्ञान ने एक आम बालक से अखंड भारत बनवा दिया |
बुध ने अपने प्रकश से बड़े बड़े वीरो को , विश्व को अपना बना लिया
इतिहास गवाह है की ज्ञान रुका है, पर झुका नहीं है, हम ज्ञान से सब जित लेंगे ||

विश्वविजेता सिकंदर के भी हूंकार को ज्ञान की इस भूमि ने नमन करा दिया
कभी किसी फ़कीर ने तो कभी किसी राजा के ज्ञान ने उसको मौन करा दिया |
जब भी सेना का हौसला डगमगाया, देश के विज्ञान ने फिर से उसको ऊंचा उठाया
बड़े बड़े शूरवीरो, महराजाओं के सर को भी इस ज्ञान ने झुका दिया , हम ज्ञान से सब जित लेंगे ||

मनु और भरत के इस देश में , ज्ञान का ही पराक्रम है , वंदन है
ज्ञान ने ही दानवो से देवो को बचाया, महाभारत में गीता ने ही कौरवो पर विजय कराया |
महापराक्रमी रावण का भी शोर्य काम न आया , पर उसका ज्ञान भी भगवन के ही काम आया
जब भी दमन या शोषण करोगे, ज्ञान ही फिर से रास्ते का अवरोध होगा, हम ज्ञान से सब जित लेंगे ||

हे नए भारत, भारत के संसद और ऊपर के लोगों , कानून बनाने वालों
सुनो ज्ञान की बातें, करो ज्ञान को आलिंगन , दो ज्ञान को उसका हक़ |
वरना ये तपो भूमि है, ज्ञान के इस संसार में से फिर कोई चाणक्य चन्द्रगुप्त ले आयेगा

शौर्य पराक्रम सब वंचित रह जायेगा जब ज्ञान का वैभव जगमायेगा , हम ज्ञान से सब जित लेंगे ||

आप नहीं देंगे तो हम छीन लेंगे , बाहुबल से नहीं ज्ञान से सब जित लेंगे
आप नहीं देंगे तो हम छीन लेंगे , बाहुबल से नहीं ज्ञान से सब जित लेंगे ||

अभय कांत श्रीवास्तव



नाम - सुख खुराना

कक्षा - 7A

आदित्य बिरला स्कूल कोटपुतली जयपुर (राज)